जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com
Website :http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/ 10728 दिनांक : 28/03/24

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/संचालक/सचिव
समस्त संम्बधित शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, (म0प्र0)

विषयः- महाविद्यालय की बेबसाइट की जानकारी भेजने के संबध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत सर्व-संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, महाविद्यालयों में अध्ययनरत एवं प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिवाभकों की सुविधा एवं महाविद्यालयीन कार्यप्रणाली की पारदर्शिता हेतु **समस्त महाविद्यालय बेबसाइट को अनिवार्य रूप से अपडेट करें एवं जिन महाविद्यालयों की बेबसाइट नहीं है, वे महाविद्यालय की बेबसाइट अनिवार्य रूप से बनायें** एवं महाविद्यालय की बेबसाइट पर महाविद्यालय से संबधित समस्त जानकारी जैसे-भवन-भूमि, स्पष्ट पूर्ण पता, मान्यता संबंधी सम्पूर्ण जानकारी, अनुमति एवं संम्बद्धता, संचालन वर्ष, प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों की जानकारी, एक पृष्ठीय प्रोफाईल महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम, निर्धारित शुल्क, निर्धारित सीट संख्या, छात्रवृति, प्रवेश, महाविद्यालय के विभाग, पुस्तकालय, क्रीड़ा विभाग इत्यादि) अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। जिससे महाविद्यालय के संबध में समस्त जानकारी अध्ययनरत एवं प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं एवं उनके अविभावकों को सुलभता से प्राप्त हो सके। महाविद्यालय यह भी सुनिशचित करें कि, अपने महाविद्यालय की संक्षिप्त प्रोफाइल,समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की प्रोफाइल, संम्बद्धता से संबंधित समस्त रेगूलेटरी एजेन्सी का विवरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें। जिन महाविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय की बेबसाइट अपडेट नहीं की जाती है अथवा नहीं बनायी जाती है, उक्त महाविद्यालयों को सत्र 2024-25 में सम्बद्धता प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जावेगा एवं ऐसे महाविद्यालयों को सत्र 2024-25 में सम्बद्धता प्रदान नहीं की जावेगी। जिसकी समस्त जबावदारी महाविद्यालय प्राचार्य एवं प्रबंधन की होगी।

संबंधित महाविद्यालय अपने महाविद्यालय की बेबसाठट की जानकारी निम्न प्रारूप में भरकर दिनांक 16.04.2024 में सम्बद्धता विभाग के ई-मेल आई डी jiwajidcdc@gmail.com पर अनिवार्य रूप से भेजने का कष्ट करें, एवं एक प्रति हॉर्ड कॉपी में सम्बद्धता शाखा में जमा करें।

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	महाविद्यालय का पूर्ण एवं स्पष्ट पता	महाविद्यालय की बेबसाइट का नाम	महाविद्यालय से सम्पर्क हेतु दूरभाष नं0 एवं ई-मेल आई.डी.

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी, आई. टी. सेल. की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त पत्र को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद

Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2024-25/D.C.D.C./J.U